प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

24.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मौसम

प्रदेश में मौसम के अचानक करवट बदलने से राज्य के ऊँचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी होने और निचले कुछ स्थानों पर वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है जिससे समूचा प्रदेश  शीतलहर की चपेट में है। ऊंचाई वाले भागों में बीती रात से ही रुक रुक कर हिमपात हो रहा है जबकि निचले कुछ भागों में वर्षा होने का समाचार है। राजधानी शिमला में भी पिछले कल हुई बर्फबारी के बाद रात भर हल्की वर्षा जारी रही। इस बर्फबारी और वर्षा से किसानों और बागवानों ने राहत की साँस ली है। राज्य आपातकालीन केंद्र के अनुसार ताजा बर्फबारी से 2 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 112 सड़कें बंद हैं, जिन्हे खोलने के प्रयास किये जा रहे हैं।

धिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता की रिपोर्ट।

बचाव अभियान

वहीं बीती शाम मनाली से लाहौल के सिस्सू की तरफ घूमने गए एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल टनल और सोलंग नाला के बीच फंस गए थे जिन्हें प्रशासन द्वारा निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं, रात भर चले बचाव अभियान में अब तक  9 सौ वाहनों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और बचाव अभियान अभी भी जारी है।

अधिक ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता की रिपोर्ट।

मुख्य न्यायाधीश

भारत सरकार के कानून व न्याय मंत्रालय की ओर से न्याय न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में भारत सरकार के सह सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया वर्तमान में पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संधवालिया इसी सप्ताह अपना कार्यभार संभाल सकते हैं। वर्तमान में न्यायमूर्ति त्रिलोक चौहान कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

विंटर कार्निवाल

शिमला में आज से 10 दिन के विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वाद्य यंत्रों के साथ आज दोपहर विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। विंटर कार्निवल में  पहली बार मिस कार्निवाल का भी आयोजन किया जायेगा। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर 100 से अधिक स्टॉल्स लगाए जायेंगे, जहां पहाड़ी व्यंजनो का पर्यटक लुत्फ उठा सकेंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएगी। इसके साथ ही गेयटी थिएटर में विभिन्न साहित्यिक विधाओं का मंचन किया जाएगा और इस बार माल रोड पर पहाड़ी वेशभूषा में परेड भी निकाली जाएगी। विंटर कार्निवाल में सतिंदर सरताज, शबाब साबरी समेत 20 से ज्यादा लोक गायक प्रस्तुति देंगे। पुलिस, होमगार्ड और सेना के बैंड भी कार्निवाल में नजर आएंगे।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...........**

आज समाचार पत्रों ने मौसम की खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **क्रिसमस से पहले शिमला, कुफरी और डलहौजी में हिमपात। दिव्य हिमाचल** का शीर्षक है **पांच जिलों में भारी हिमपात, सैकड़ों वाहन फंसे।**

**विंटर वैकेशन स्कूलों में 1 जनवरी व समर वैकेशन स्कूलों में 11 जनवरी से होंगी छुटिटयां पंजाब केसरी** की एक खबर है।